## जिलाधिकारी महोदय, जौनपुर की अध्यक्षता में दिनांकः 22.07.2022 को संपन्न जल जीवन मिशन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति–

दिनांकः 22.07.2022 को जनपद जौनपुर के कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महोदय, जौनपुर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में निम्न की उपस्थिति रही।

1. जिलाधिकारी महोदय, जौनपुर।
2. जिला विकास अधिकारी महोदय, जौनपुर।
3. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
4. मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि।
5. मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) के प्रतिनिधि।

बैठक की कार्यवृत्ति का विवरण निम्नानुसार है–

1. शासन द्वारा गठित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) समिति जनपद जौनपुर के अन्तर्गत जल जीवन मिशन "हर घर जल"कार्यक्रम हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा चयनित कार्यदायी संस्था M/s AFCONS INFRASTRUCTURE LIMITED Afcons House, 16 Shah Industrials Estate, Veera Desai Road, Azad Nagar, P.O Box No. 11978, Andheri (W) Mumbai-400053 द्वारा 21 नग ग्राम पंचायत पेयजल योजनाओं का डी0पी0आर0 प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 पर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गयी। संस्तुति प्राप्त होने के उपरान्त डी0पी0आर0 स्वीकृति हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता समिति को अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाने हेतु निर्देश दिया गया।
2. मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान तक 1921 राजस्व ग्राम जो 971 ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत सम्मिलित हैं, के लिए भूमि की उपलब्धता प्राप्त कर ली गयी है।
3. जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है कि SLSSC द्वारा दिये गये नवीनतम् दिशा–निर्देश के अनुसार DPR तैयार किया जाना सुनिश्चित करें, जिससे SLSSC की बैठक में DPR Non Compliant श्रेणी में वर्गीकृत न किया जाये।
4. जिलाधिकारी महोदय द्वारा मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) को FHTC की फीडिंग सम्बन्धित कार्य को गंभीरतापूर्वक लेते हुए प्रगति यथासंभव तीव्र करने हेतु निर्देशित किया गया।
5. जिलाधिकारी महोदय द्वारा चयनित कार्यदायी संस्था को भूमि उपलब्धता के सापेक्ष शत्प्रतिशत ग्राम पंचायतों का सर्वे कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
6. जिलाधिकारी महोदय द्वारा चयनित कार्यदायी संस्था को सर्वे टीमें बढ़ाकर अधिकतम डी0पी0आर0 तैयार कर जल जीवन मिशन पोर्टल पर अपलोड करने हेतु निर्देशित किया गया।
7. जिलाधिकारी महोदय द्वारा चयनित कार्यदायी संस्था को तैयार डी0पी0आर0 जल जीवन पोर्टल पर अपलोड कर हार्ड कापी कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर में तकनीकी परीक्षण हेतु प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

( साई तेजा सीलम )
मुख्य विकास अधिकारी
जौनपुर

**अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,**
**उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर**

पत्रांकः 721 / ज0नि0ग्रा0 / 109 दिनांकः 22-07-2022

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।
1. जिलाधिकारी महोदय, जौनपुर।
2. जिला विकास अधिकारी महोदय, जौनपुर।
3. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
4. मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, मुम्बई।
5. मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)

मुख्य विकास अधिकारी
जौनपुर

Scanned with CamScanner